मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची, दिनांक– **06.03.2020**

प्रेस विज्ञप्ति- 267/2020

06 मार्च 2020

नया विधानसभा भवन, रांची

==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से नया विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में पेटरवार ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ विधायक श्रीमती ममता देवी के नेतृत्व में मिला। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि कोरोना वाइरस के डर के कारण चिकन (फार्म चिकन) की मांग में गिरावट आई है, जिससे इनके व्यवसाय को भारी नुकसान हो रहा है। महिलाओं द्वारा संचालित बोकारो और रामगढ़ के कुल 819 पोल्ट्री फ़ार्म प्रभावित हैं। ऐसा अगर अगले 10 दिनों तक जारी रहा तो 800 से अधिक ग्रामीण परिवार की आजीविका का आर्थिक स्रोत समाप्त हो जाएगा। जबकि पशुपालन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पोल्ट्री उत्पाद को कोरोना वाइरस के दुष्प्रभाव से मुक्त बताया गया है। मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि विभिन्न सरकारी विज्ञापन के माध्यम से पोल्ट्री उत्पाद को कोरोना वाइरस के दुष्प्रभाव से मुक्त घोषित कर अफवाह को नियंत्रित करने में सहयोग करें। इस बाबत मुख्यमंत्री ने उचित निर्णय सरकार की ओर से लेने का भरोसा प्रतिनिधिमंडल को दिया।

###

=========================

#Team PRD(CMO)